
**Online Extension Lecture on Mahatma Gandhi: Life & Work (MoU)**

**02-10-2024**

The History Department and IQAC of Babu Anant Ram Janta College, Kaul, in collaboration with the History Department of S.D. Women's College, organized an online lecture on the occasion of the birth anniversaries of Mahatma Gandhi and Lal Bahadur Shastri. The keynote speaker for the event was Dr. Anurag, Associate Professor of History, Guru Nanak Khalsa College, Yamunanagar.




# महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर ऑनलाइन विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया

जगमार्ग न्यूज

नरवाना। एस डी महिला महाविद्यालय नरवाना के प्राचार्या डॉ अंजना लोहान के कुशल निर्देशन में आईक्यूएसी की संयोजिका डॉ नयनदीप की देखरेख में इतिहास विभाग द्वारा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के जयंती के अवसर पर ऑनलाइन विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर के डॉ अनुराग (एसोसिएट प्रोफेसर इतिहास) मुख्य वक्ता रहें । बाबू अनंत राम जनता कॉलेज कौल की इतिहास विभाग अध्यक्ष डॉ पुष्पा ने डॉ अनुराग का परिचय दिया और सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों का स्वागत किया । बाबू अनंत राम जनता कॉलेज कौल के प्राचार्य डॉ ऋषिपाल ने सभी विद्यार्थियों को आजादी के परवानों को नमन करके उनके जीवन से सीखने की बात कही ।उन्होंने महात्मा गांधी के



जीवन और विचारों पर प्रकाश डाला और साथ ही महात्मा गांधी के व्यक्तित्व में सत्य, अहिंसा के सिद्धांतों पर चलने का अनुसरण की बात कही । मुख्य वक्ता इतिहास के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अनुराग ने बताया कि महात्मा गांधी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता थे। उन्होंने सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों का पालन करते हुए भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्त कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गांधीजी के नेतृत्व में चलाए गए असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन और भारत छोड़ो आंदोलन ने ब्रिटिश साम्राज्य को कमजोर किया। गांधीजी का जीवन सादगी, आत्मनिर्भरता और नैतिकता का प्रतीक था। उन्होंने अपने पूरे जीवन में सामाजिक सुधार, छुआछूत का विरोध, और धार्मिक सौहार्द को बढ़ावा दिया। डॉ अनुराग द्वारा महात्मा गांधी के दार्शनिक चिंतन व स्रोतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।उनके विचार और कार्य आज भी दुनिया भर में प्रेरणा का स्रोत बने हुए हैं।